हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

11 बाल महोत्सवः जिलेभर के 35 स्कूलों के 250 छात्र-छात्राओं ने दिखाई...



12 महेंद्रगढ़ को मिलेगी आधुनिक मल्टीलेवल...



आंदोलनकारी कर्मचारियों ने सिंघाना रोड एसई कार्यालय में किया धरना-प्रदर्शन

दूसरे दिन भी जनजीवन प्रभावित

दो दिन रहा ब्लैकआउट, सहमति बनने पर जिले में 'बिजली ऑन'



नारनौल। धरना स्थल पर तैनात भारी पुलिस बल। फोटो : हरिभूमि

48 घंटे से बिजली गुल, पानी के लिए तरसे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते दूसरे दिन भी जिलेभर में ब्लैकआउट रहा। इससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया, जबकि आंदोलनकारी कर्मचारियों ने सिंघाना रोड एसई कार्यालय में लगातार धरना-प्रदर्शन एवं जोरदार नारेबाजी कर भारी रोष जताया। शुक्रवार रात बिजली यूनियन और प्रदेश सरकार के बीच में सहमति बनी और यूनियन ने हड़ताल वापस लेने का ऐलान किया। इसके बाद महेंद्रगढ़ जिले में बारी-बारी बिजली ऑन होने का सिलसिला शुरू हो गया। समाचार लिखे जाने तक जिले के कई हिस्सों में बिजली ऑन हो गई थी नारनौल शहर के आधे हिस्से में भी रात 9 बजे बिजली आने से उजियारा हो गया था।

प्रातःकाल को करीब 11 बजे डीसी अनुपमा अंजलि एवं एसपी दीपक कुमार भारी पुलिस दल के साथ धरने पर पहुंचे और कर्मचारियों से बिजली चालू करने को कहा। उन्होंने धरना स्थल पर ब्लैकआउट को लेकर कहा कि हड़ताल से जिले की बिजली आपूर्ति ठप है और इसे बहाल करना होगा।

इसको लेकर प्रशासन एवं कर्मचारी नेताओं के बीच कुछ देर तक सवाल-जवाब होते रहे, लेकिन मामला नहीं निपटा। डीसी ने उन्हें कहा कि उन्हें सारी जानकारी है और बिजली को जान-बूझकर बंद किया जा रहा है। वह ऐसा नहीं होने देंगी। उन्होंने धरने से कर्मचारियों को ड्यूटी पर भेजने की कर्मचारी नेताओं से बात कही, लेकिन उन्होंने बिजली बाधित करने के आरोपों से इंकार कर दिया और कहा कि वे हड़ताल हैं और अपने स्तर पर कर्मचारी लगाकर





नारनौल। हड़ताली कर्मचारी नेताओं से बात करती डीसी अनुपमा अंजली व वार्ता उपरांत धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता सुभाष रोहिल्ला। फोटो : हरिभूमि

धरने में इन्होंने लिया भाग

धरने को कर्मचारी नेता किरोड़ीमल सैनी, सतपाल सिंह, भूपसिंह बडेसरा, कामरेड बलबीर सिंह, मास्टर सुबेसिंह, मास्टर धर्मेंद्र यादव, कौशल यादव, छाजूराम रावत, अमीलाल पहलवान, मास्टर धर्मपाल शर्मा, पूर्णचंद नारनौलिया आदि ने विचार व्यक्त किए और धरने में सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

बिजली बहाल करवा लें और वे काम को हाथ नहीं लगाएंगे। इसी दौरान काफी तनाव बढ़ने लगा, लेकिन डीसी ने कड़ा रूख अपनाते हुए कहा कि उन्हें बिजली को बहाल करना होगा।

हड़ताली कर्मचारी नेताओं ने उनसे पांच मिनट का समय मांगा और फिर शिष्ट मंडल बनाकर आपस में बातचीत की। इसी दौरान डीसी एवं एसपी, निगम के एसई कार्यालय के प्रथम तल पर चले गए, जहां कर्मचारियों का दल कुछ देर में पहुंचा और एसई के कांफ्रेंस हाल में काफी देर तक मीटिंग चलती रही। यहां भी डीसी ने काफी कड़ा रूख अपनाया, लेकिन निष्कर्ष नहीं निकला। बाद में कर्मचारियों का दल प्रथम तल से नीचे आ गया और करीब आधे घंटे बाद पुनः कांफ्रेंस हॉल गए, जहां प्रशासन से उनकी पुनः वार्ता हुई। मीटिंग में उन्हें डीसी ने आवश्यक सेवाएं जैसे पानी एवं अस्पताल आदि को चालू करने की बात कही। डीपीआरओ ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कर्मचारी नेताओं एवं प्रशासन के बीच आवश्यक सेवाएं बहाल करने पर सहमति बन गई।

कर्मचारी नेता सुभाष रोहिल्ला ने कहा कि हड़ताल में भाग ले रहे जिले के कर्मचारी एवं अधिकारी बधाई के पात्र हैं, क्योंकि हड़ताल के चलते किसी कर्मचारी ने बिजली के काम को हाथ नहीं लगाया है और बिजली खपत नहीं होने में हमारा जिला स्टेट में टॉप पर आया है। इससे हमारा जिला पूरे स्टेट में रोशन हो गया। उन्होंने कहा कि यहां का प्रशासन हमारे पर बिजली बाधित करने का आरोप लगा रहा है, लेकिन इसमें हमारा कोई दोष नहीं है। प्रशासन चाहे तो अपने स्तर पर ठेकेदार या प्रोबेशन के कर्मचारियों को काम पर लगाकर काम चला सकता है। हम उन्हें नहीं रोकेंगे। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल हम तनख्वाह बढ़वाने के लिए नहीं कर रहे, बल्कि निजीकरण के विरोध में कर रहे हैं। सरकार ने अगस्त महीने की 12, 13, 14 अगस्त की हड़ताल पर आश्वासन दिया था कि ऐसा नहीं किया जाएगा, लेकिन अब इलेवन कंपनी को गुरुग्राम एवं नूंह का समानांतर बिजली आपूर्ति का टेंडर दे दिया। इसकी कर्मचारियों को भनक तक नहीं लगने दी। उन्होंने धरने पर निगम के एसई के व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि वे हमारे अधिकारी हैं और एकतरफ कहते हैं कि हड़ताल पर हैं, लेकिन प्रशासन एवं कर्मचारियों के बीच का व्यवहार ठीक नहीं रहा। इससे मन खिन्न हो गया।

बिजली सप्लाई बहाली को लेकर किया प्रदर्शन

नारनौल। बिजली आपूर्ति ठप्प होने से परेशान लोगों ने एसडीएम व उपमंडल अधिकारी बिजली निगम कनीना के कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर इलाके की बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल करने की मांग की है। इस मौके पर रामकिशन पहलवान, राकेश यादव, रतनसिंह चेयरमैन, पिताम्बर प्रधान, राजबीर, राजेन्द्र सिंह नम्बरदार, हवासिंह, हव. कृष्ण सिंह, कैलाश सेठ, दानसिंह प्रजापत, हरीपाल सिंह, घनश्याम पंच, रामबीर पंच, पवन चौधरी, किशनपाल, डॉ. मुकेश पंच, धीरज, मीरसिंह वैद्य, मुकेश स्वामी, हरीश सिंगर, धर्मबीर, महेन्द्र सिंह, अजय, जग्गी, रोशन आदि उपस्थित थे।

पेयजल, शिक्षा और प्रशासनिक कार्य पूरी तरह चरमराया

मंडी अटेली। बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के कारण मंडी अटेली क्षेत्र में पिछले 48 घंटों से ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। बिजली संकट ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है जिससे पेयजल, शिक्षा और प्रशासनिक कार्य पूरी तरह चरमरा गए हैं। बूस्टर और बोरवेल बंद रहने से घरों तक पानी नहीं पहुंचा। हालांकि अब विभाग ने जनरेटर के जरिए बोरवेल चालू करने की कवायद शुरू की है लेकिन तब तक लोग भारी परेशानी झेल चुके हैं। स्कूलों में मिड डे मील योजना पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं, क्योंकि शुक्रवार के बाद शनिवार को भोजन पकाने के लिए पानी का संकट खड़ा हो गया है।

महेंद्रगढ़। शहर व क्षेत्र में पिछले 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली नहीं होने से लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। घरों के शौचालयों में पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि कुछ लोगों को मजबूरी में खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से समाधान का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। बिजली संकट को लेकर विभिन्न संगठनों के लोग शुक्रवार को एसडीएम योगेश सैनी से मिले। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा और व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी ने बिजली संकट को लेकर रोष जताते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ में बिजली के पावर कट लगाए जा रहे हैं, जबकि अन्य शहरों में बिजली आपूर्ति चालू है।

निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

महेंद्रगढ़। अधिकारी-कर्मचारी साझा संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेशभर में चल रही तीन दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन शुक्रवार को महेंद्रगढ़ डिवीजन प्रांगण में बिजली कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रधान बलबीर एचकेआरएन ने कहा कि गुरुग्राम और नूंह जिलों में निजी कंपनियों को बिजली वितरण के लाइसेंस जारी करने का निर्णय बिजली कर्मचारियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करते हुए निजी बिजली वितरण लाइसेंस रद्द करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के बुचवास प्रधान अजीत यादव, कृष्ण प्रधान एवं पूर्व प्रधान बाबूलाल यादव ने चेतावनी दी। इस विरोध प्रदर्शन में डीसीओ सतीश कुमार जेई, एवपीसी के प्रधान विनोद यादव, एससी/बीसी के प्रधान राजेंद्र नौताना, यूनिट प्रधान नवीन यादव, चेयरमैन मनोज यादव, सब यूनिट सचिव दीपक यादव, एचकेआरएन के प्रधान सरजीत खटाणा, हवासिंह प्रधान, अजीत प्रधान, संयुक्त सचिव विक्रम, सतनाली प्रधान कृष्ण, सचिव सोमवीर, प्रवीण प्रधान और शेर सिंह प्रधान उपस्थित रहे।

एसडीएम योगेश सैनी ने सब स्टेशनों का लिया जायजा

महेंद्रगढ़। बिजली कर्मचारियों द्वारा 24 अक्टूबर तक घोषित हड़ताल के चलते एसडीएम योगेश सैनी ने महेंद्रगढ़ शहर सहित अनेक बिजली घरों व सब स्टेशनों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से करवाने के लिए दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वीरवार व शुक्रवार को हड़ताल के दौरान डीसी के निर्देश पर एसडीएम योगेश सैनी महेंद्रगढ़ व आकोदा स्थित 132 केवी बिजली घर पहुंचे और बिजली आपूर्ति का जायजा लिया।

हड़ताल से राशन वितरण प्रभावित, नई मशीनों से डिपो धारक और उपभोक्ता परेशान: राशन वितरण प्रणाली में तकनीकी खामियों के चलते डिपो धारकों और राशन उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर राशन वितरण मशीनों में नेटवर्क की समस्या के कारण बार-बार काम रुक रहा है, वहीं दूसरी ओर बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से मशीनों की बैटरी भी जवाब देने लगी हैं। महीने का अंतिम समय चलने के कारण राशन लेने वाले लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।



सतनाली मंडी। बिजली वितरण लाइसेंस निरस्त करने की मांग का ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

सतनाली उपतहसील में क्षेत्रवासियों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

सतनाली मंडी। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग की ओर से दो जिलों में निजी कंपनियों को बिजली वितरण लाइसेंस जारी करने के फैसले के विरोध में सतनाली उपतहसील में क्षेत्रवासियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली निजीकरण को निरस्त करने की मांग की। इस मौके पर राजपूत सभा महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान सवाई सिंह राठौड़, मनीष मित्तल, हंसराज, सोमबीर, सुखवीर सिंह, अरूण सिंह, कुलदीप, महताब सिंह, सतबीर सिंह राठौड़, अशोक स्वामी, सोहन पहलवान, लक्ष्मण सिंह, शिवकुमार, विनोद शेखावत आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कस्बे में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।

ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की हो रही किल्लत

कनीना। बुधवार रात्रि 10 बजे से शुरू हुई बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के साथ ही 33 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन गुढ़ा, सिहोर, खेड़ी, रामबास की बिजली सप्लाई गुल होने के दो दिन बाद चंहुओर त्राहि-त्राहि मच गई है। जिसे लेकर जनता सड़कों पर उतारू हो रही है। ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्य अटक गए हैं। वहीं पेयजल के लिए तरस गए हैं। अस्पताल में चिकित्सकों व मरीजों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। सरकारी कार्यालयों के कंप्यूटर सिस्टम खिलौने बन रहे है। शहर में पेयजल सप्लाई के लिए जाने वाले वाहनों पर ब्रेक लग गया है। नागरिकों तथा पशुओं के लिए पेयजल की समस्या बन गई है। खेतों में पलेवा करने वाले किसान दुखी हो रहे हैं। उन्होंने शीघ्रता से समस्या के समाधान की मांग की है। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, डीएसपी संजय बिश्नोई, तहसीलदार पायल यादव ने टीम सहित अलग-अलग क्षेत्र के पावर हाउस का दौरा किया, लेकिन बिजली कर्मचारी गायब होने से सप्लाई बहाल न हो सकी।



नांगल चौधरी। अंधेरे में कामकाज करते नपा कर्मचारी।

बिजली गुल होने से पेयजल सप्लाई को तरसे लोग

नांगल चौधरी। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन तरह प्रभावित होने लगा है। लोगों को सुबह उठने से लेकर रात तक दैनिक जरूरतें पूरी करने के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। रसोई में खाना बनाने, नहाने, कपड़े धोने और शौचालय के इस्तेमाल तक के लिए पानी जुटाना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों को मजबूरी में पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। नितेश शर्मा, सुभाष यादव, रवि प्रकाश, कुलदीप ने बताया कि घरों में पानी खत्म होने के बाद सबसे बड़ी चिंता पीने के पानी और बच्चों व बुजुर्गों की जरूरतों को पूरा करने की है। बिजली नहीं होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। संकट बढ़ने पर जनस्वास्थ्य विभाग ने टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था शुरू की है, लेकिन जरूरत के मुकाबले आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने से लोगों की परेशानी बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर पहले करीब 700 रुपये में मिलने वाले टैंकर के लिए अब 1100 से 1200 रुपये तक मांगे जा रहे हैं। वहीं सरकारी कार्यालयों में ऑनलाइन सेवाएं बाधित होने से प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी कार्य अटके हैं।



उच्च शिक्षा विभाग ने पोर्टल दोबारा खोला, जिले के राजकीय महाविद्यालय में कई सीटें अभी खाली

यूजी-पीजी में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 1 नवंबर तक ले सकेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विभाग ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर एक नवंबर कर दी है। इस निर्णय से उन हजारों विद्यार्थियों को दाखिले का एक और अवसर मिला है, जो किसी कारणवश अभी तक प्रवेश से वंचित रह गए थे।

राजकीय पीजी महाविद्यालय के दाखिला नोडल अधिकारी डॉ. सतीश कुमार सैनी ने बताया कि महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीएससी सहित विभिन्न संकायों एवं पाठ्यक्रमों में कुछ सीटें अभी भी



नारनौल। पीजी कॉलेज। फोटो : हरिभूमि

रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि यह तिथि बढ़ना विद्यार्थियों के लिए अपने शैक्षणिक भविष्य को संवारने का एक सुनहरा अवसर है।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अतिरिक्त अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी दाखिला प्रक्रिया पूरी करें। महाविद्यालय के दाखिला प्रक्रिया के नोडल अधिकारी ने बताया कि पिछले कई दिनों से विद्यार्थियों एवं प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों की ओर से प्रवेश पोर्टल को दोबारा खोलने का अनुरोध किया जा रहा था। विद्यार्थियों की सुविधा एवं शैक्षणिक हितों को प्राथमिकता देते हुए उच्च शिक्षा विभाग पंचकूला की ओर से प्रवेश पोर्टल को एक नवंबर तक पुनः खोलने का निर्णय लिया गया है।

समय रहते ऑनलाइन आवेदन करें विद्यार्थी

पात्र विद्यार्थी उच्च शिक्षा विभाग के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन एवं दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन करें। प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति, फीस जमा करवाना एवं सत्यापन सहित सभी औपचारिकताएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी कर लेना अनिवार्य होगा। प्रो. सैनी ने कहा कि दाखिला प्रक्रिया के दौरान यदि किसी विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की समस्या आती है या जानकारी की आवश्यकता होती है, तो वह राजकीय महाविद्यालय के हेल्प डेस्क से सहायता प्राप्त कर सकता है। महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को दाखिले से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे दाखिले के इस अतिरिक्त अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और एक नवंबर से पहले अपनी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करें, ताकि उनका एक साल खराब न हो।



फौजी का नया पोस्टर जारी
1932 से है कनेक्शन

मुंबई। साउथ सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'फौजी' के मेकर्स ने फैंस को खास तोहफा दिया है। 23 अक्टूबर को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक सुनहरा सिक्का नजर आ रहा है, जिस पर सैन्य वर्दी में प्रभास की तस्वीर बनी हुई है। पोस्टर पर 'ए बैटालियन हू फाइट्स अलोन' (एक ऐसी बटालियन जो अकेले लड़ती है) और 'मोस्ट वांटेड सिंस 1932' लिखा हुआ है। इसके साथ ही एक रहस्यमयी फाइल नंबर 025 का भी जिक्र किया गया है, जिसका राज जल्द खुलने वाला है।

लाइफ Style

संजीदा
किसी एक जॉनर में नहीं बंधना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल इक्का और धमाल 4 फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री संजीदा शेख इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं, लेकिन सोच समझकर अपना वक्त खर्च करती हैं। वह कहती हैं कि इंटरनेट मीडिया को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि मेरा प्रयास होता है कि मैं इस पर कम दिखूं, जिससे जीवन में शांति बनी रहे।

इसके लिए खुद पर काम करना होता है, क्योंकि यह करना आसान नहीं होता है। जैसे ही हमारे हाथों में फोन आता है, तो हम सबसे पहले इंस्टाग्राम खोलते हैं। ऐसे में लगातार कोशिश करनी होती है कि खुद उस पर कम समय के लिए रखें। मैं तो टाइमर लगा देती हूं। आगे अपने जीवन के टर्निंग प्वाइंट के बारे में बात करते हुए संजीदा कहती हैं कि मेरे करियर का अहम मोड़ वही था कि मैं किसी जॉनर में नहीं बंधी। फिल्मकार इस बात को समझ रहे हैं कि मैं धमाल 4 भी कर सकती हूं, इक्का भी और हीरामंडीः द डायमंड बाजार जैसा भारीभरकम शो भी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि मुझे सब आ गया है, मैं खुद को और बेहतर बनाने में लगी हुई हूं। मेरे लिए टर्निंग प्वाइंट वही था, जब मैंने तय किया था कि मुझे किसी एक श्रेणी या जॉनर में बंध कर नहीं रहना है। मैंने वह सोच लोगों में आने ही नहीं दी कि यह हीरामंडी कर रही है, तो उसी तरह का किरदार आगे भी करेगी। इंटरनेट मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग, बाडी शेमिंग और नकारात्मकता को संजीदा कैसे संभालती हैं? इसे लेकर संजीदा शेख आगे कहती हैं कि मैं इंटरनेट मीडिया को केवल अपने मनोरंजन की तरह देखती हूं। निगेटिविटी तो हैं, उसे जितना हो सके नजरअंदाज करें।



हॉलीवुड मसाला



ऑब्सेशन ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। करी बार्कर के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म ऑब्सेशन अब भारत में ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। भारत में 30 अक्टूबर को शाम 7 बजे से जियो स्टार के पैक हब पर इस फिल्म का अंग्रेजी और हिंदी में अनकट वर्जन उपलब्ध होगा। हॉरर फिल्मों में कई बार उनकी डरावनी कहानी से ज्यादा खौफनाक उसका कोई एक सीन बन जाता है। कुछ ऐसा ही एक्सरपीरियंस एक्ट्रेस इंडे नवारेटे को अपनी फिल्म ऑब्सेशन के दौरान हुआ. ये हॉरर मूवी 2026 की सबसे कामयाबी हॉरर फिल्मों से है।



फिल्मों के अलावा टीवी शो के लिए भी थे मशहूर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता टॉम स्केरिट का निधन हो गया है। वह 93 साल के थे। वह 'एलियन' और 'टॉप गन' जैसी क्लासिक फिल्मों में अपने यादगार किरदारों के लिए याद किए जाते हैं। एमी अवॉर्ड विजेता स्केरिट 'पिकेट फेंसेस' में काम करके टीवी की दुनिया में मशहूर हुए। टॉम स्केरिट ने 1993 में एमी अवॉर्ड जीता और 1994 में उन्हें 'पिकेट फेंसेस' में जिमी ब्रॉक का किरदार निभाने के लिए ऑफर मिला। बड़े पर्दे पर स्केरिट ने कई तरह की फिल्मों में बेहतरीन और यादगार अभिनय किया। रिडले स्कॉट की मशहूर साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'एलियन' (1979) में उन्होंने नोस्ट्रोमो के कैप्टन डलास का किरदार निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' में टोनी स्कॉट के साथ काम किया।



एआई अभिनेत्री को पसंद हैं शाहरुख...

नई दिल्ली। 'कैन एआई बिकम अ स्टार?' सेशन में दुनिया की पहली एआई एक्टर टिली नॉरवुड ने वर्चुअल तौर से हिस्सा लिया। उनके साथ पार्टिकल 6 की फाउंडर और सीईओ एलाइन वैन डेर वेल्डन भी मंच पर मौजूद रहीं, जिन्होंने टिली को बनाया है। इस दौरान टिली नॉरवुड ने अपने बारे में ढेर सारी जानकारी दी। उनसे हिंदी में भी कई सवाल किए गए। टिली ने हिंदी में बात करते हुए शाहरुख खान को अपना पसंदीदा भारतीय एक्टर बताया। उन्होंने कहा कि, 'मुश्किल सवाल है, लेकिन मुझे शाहरुख खान पसंद है।' इसके अलावा टिली ने किंग खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के रीमेक में काम करने की इच्छा जताई। टिली ने फिल्म में दीपिका पादुकोण की डिजिटल ट्विन बनने की इच्छा भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी की जगह नहीं लेना चाहतीं।



श्यामा प्रसाद के जीवन पर मधुर बनाएंगे फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनकी विरासत को बड़े परदे पर लाने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का संभावित शीर्षक 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर' रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी गुप्त रखी गई हैं। इस फिल्म को निर्माता आदित्य कुमार हलवासिया का समर्थन मिला है। इसे भंडारकर एंटरटेनमेंट और एकेएच वेंचर्स की तरफ से प्रोड्यूस किया जा रहा है। भंडारकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइव्स ऑफ बॉलीवुड' का काम पूरा करने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। ऐतिहासिक ड्रामा और पॉलिटिकल थ्रिलर यह फिल्म, 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर', डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



इंडिया के टॉप 1% शो में सतीश को याद कर भावुक हुए अनिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो 'इंडिया के टॉप 1%' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो 'सुमित संभल लेगा' की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, 'तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है'।' अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को 'डैनी डेविटो' कहकर बुलाते थे। दोनों को 'ट्विन्स' फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे।

ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं

मुंबई। अभिनेत्री अदिति शर्मा के लिए अभिनय सिर्फ पर्दे पर किसी पात्र को जीना नहीं, बल्कि उसके जरिये कुछ कहने का भी जरिया है। लेडीज वर्सेस रिकी बहल और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकीं अदिति इन दिनों कलर्स के शो 'शायद यहीं है प्यार' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं अदिति के लिए यह वापसी मां बनने के बाद अपनी पहचान और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने का भी सफर है। क्या टीवी पर सास-बहू ड्रामा के बीच अपने लिए अलग भूमिका ढूंढ़ पाना कठिन होता है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए शो लिखने वाले और आपका उस शो का हिस्सा बनने का समय सही होना चाहिए। मैं हमेशा से महिला प्रधान और परतदार रोल करना चाहती हूं, जिसे करने में डर लगे, सेट पर नर्वस हो जाऊं। आसान काम मुझे नहीं पसंद है। मुझे वे रोल पसंद आते हैं, जो लोगों से जुड़ते हैं।



सिला का पोस्टर रिलीज
कल्पना से भी परे होगी कहानी

मुंबई। नए साल में हर्षवर्धन राणे के नए तेवर देखने को मिलने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल जून में दस्तक देगी। इस बीच एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अभिनेता की आगामी फिल्मों की लिस्ट में 'सिला' का नाम भी शामिल है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सिला' एक्शन से भरपूर एक रोमांटिक फिल्म है। शुक्रवार को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें हर्षवर्धन इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। यह अगले साल मोहब्बत वाले महीने यानी फरवरी में रिलीज होगी। पोस्ट के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म 05 फरवरी 2027 को रिलीज होने वाली है।



फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने इसकी कहानी को लेकर संकेत दिया है। यह सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर एक्शन-रोमांटिक फिल्म होगी। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'किस्मत से परे प्यार। हद से परे एक सफर और कल्पना से भी परे एक कहानी। 'सिला' की तलाश शुरू। बता दें कि फिल्म 'सिला' का निर्देशन उमंग कुमार ने किया है। इसमें 'बिग बॉस 18' के विजेता करण वीर मेहरा भी नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे फिल्म में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। 'सिला' फिल्म में हर्षवर्धन को विराट नाम के किरदार में देखा जाएगा। वहीं, सादिया खतीब भी फिल्म का हिस्सा हैं।

डायरेक्शन के बाद अब नई तैयारी में जुटे आर्यन
वेब सीरीज के लिए बनाई खास टीम

नई दिल्ली। आर्यन खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के लिए नए लेखकों को जोड़ने की तैयारी कर रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्यन यंग राइटर्स की तलाश में हैं और अपनी आने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए टैलेंट की टीम तैयार कर रहे हैं। अपनी पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आर्यन अब प्रोडक्शन हाउस की अगली स्ट्रीमिंग सीरीज की कहानी लिखने में भी खुद शामिल होना चाहते हैं। हालांकि, आने वाली सीरीज को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्यन ऐसे नए राइटर्स की तलाश कर रहे हैं, जो कहानियों को नए नजरिए से पेश कर सकें और आज के दौर के हिसाब से लिख सकें. इस पहल का मकसद रेड चिलीज के लिए राइटर्स का एक ऐसा ग्रुप तैयार करना है, जिससे भविष्य में बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए टैलेंट चुना जा सके। बताया जा रहा है कि अगली सीरीज की लेखन प्रक्रिया में आर्यन खुद भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यानी वह सिर्फ निर्देशन और क्रिएटिव काम तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि कहानी तैयार करने में भी योगदान देंगे. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आर्यन फिलहाल कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर्स की एक टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह टीम आज के युवाओं की जिंदगी, उनके रिश्तों और बदलती सोच से जुड़ी कहानियों की तलाश कर रही है।



द बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने मचाया था धमाल

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीमियर सितंबर 2025 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था. इस सीरीज के जरिए आर्यन खान ने बतौर क्रिएटर और डायरेक्टर अपना डेब्यू किया था। गौरी खान ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था. इसमें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर व्यंग्य के जरिए एक ऐसे युवा कलाकार की कहानी दिखाई गई, जो बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश करता है। इस दौरान उसे इंडस्ट्री की राजनीति, आपसी टकराव और रिश्तों से जूझना पड़ता है। सीरीज में बॉलीवुड के अंदर की दुनिया को ह्यूमर, ड्रामा और व्यंग्य के जरिए दिखाया गया था। इससे दर्शकों को आर्यन खान के कहानी कहने के अंदाज की झलक मिली थी।

13 की उम्र में पैसों की तंगी के कारण बनीं हीरोइन

सगे भाई से रोमांस कर फंसी थी ये एक्ट्रेस, जमकर मचा था बवाल

नई दिल्ली। *50 और 60 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई एक्ट्रेसेस ऐसी आईं, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। इन्हीं दिग्गज हस्तियों में से एक नाम 'मीनू मुमताज' का भी है, जो न सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा थीं, बल्कि एक बहुत ही अच्छी डांसर भी थीं। अपने अभिनय के साथ-साथ मीनू मुमताज का विवादों से भी गहरा नाता रहा है। उन्होंने एक फिल्म में सगे भाई के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया, जो उस समय पर एक बड़ी कंट्रोवर्सी बनी। कौन थे मीनू मुमताज के भाई और किस फिल्म में एक्ट्रेस ने किया था सग्गे भाई संग रोमांस, पढ़ें ये किस्सा।*

शराब में डूबे रहते थे पिता

मीनू मुमताज का निधन साल 2021 में हुआ था। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम मलिकुनिसा अली था, लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा, तो उन्हें मीना कुमारी ने 'मीनू' नाम दिया। मीनू मुमताज के पिता 'मुमताज अली' 40 के दशक में एक बेहतरीन डांसर और कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। हालांकि, ज्यादा शराब की वजह से उनका कॅरियर खत्म हो गया और परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

कॉमेडियन महमूद की थीं बहन

मीनू मुमताज फेमस कॉमेडियन महमूद अली की बहन थीं। 8 भाई-बहन की देख-रेख और पैसों की तंगी के कारण महमूद और मीनू दोनों ने ही बचपन में काम करना शुरू कर दिया था। जब दिग्गज अभिनेत्री सिर्फ 13 साल की थी, तब उन्हें 1955 में उनकी पहली फिल्म 'सफी खातिमा' मिली, जिसे नानूभाई वकील ने बनाया था। इसके बाद उन्होंने बारा-दारी, घर-घर में दीवाली, सोसाइटी जैसी मूवीज में अहम किरदार निभाए। हालांकि, एक्ट्रेस की किस्मत तब बदली जब उन्हें गुरुदत्त के प्रोडक्शन में बनी फिल्म सीआईडी में कास्ट किया गया। मीनू ने फिल्म में डांसर और सिंगर का किरदार निभाया था। फिल्म में देवानंद मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में मिली सफलता के बाद मीनू मुमताज ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और मिस्टर लंबी, पॉकेट मार, आशा, दो रोटी, एक साल, नया दौर, अदालत जैसी कई फिल्मों में काम किया।



भारत छोड़कर विदेश में बसी

बॉलीवुड में अपना सफल कॅरियर बनाने के बाद मीनू मुमताज ने 12 जून 1963 में फिल्म डायरेक्टर सैय्यद अली अकबर से शादी कर ली। जिसके बाद वह पति संग विदेश में जाकर बस गईं। हालांकि, उन्होंने फिल्मों में काम करना जारी रखा। उनके तीन बच्चे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 23 अक्टूबर 2023 को मीनू मुमतज ने 79 साल की उम्र में कनाडा में ही आखिरी सांस ली।

'हावड़ा ब्रिज' में भाई संग किया रोमांस

बॉलीवुड में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहीं मीनू मुमताज की जिंदगी में सबसे बड़ा विवाद तब हुआ, जब उन्होंने साल 1958 में अशोक कुमार और मधुबाला स्टारर फिल्म 'हावड़ा ब्रिज'में अपने ही सगे भाई और हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता महमूद अली के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया। महमूद और मीनू दोनों ने ही फिल्म हावड़ा ब्रिज के एक गाने गोरा रंग चुनरिया काली में अपने ही सगे भाई के साथ रोमांस किया। शक्ति सामंथा के निर्देशन में बनी फिल्म हावड़ा ब्रिज का जब ये गाना रिलीज हुआ, तो काफी बवाल मचा। लोगों में सगे भाई-बहनों को रोमांस करता हुआ देखकर काफी गुस्सा भर गया था। दर्शकों ने दोनों एक्टर्स को बायकॉट करने तक की बात कह दी, लेकिन मीनू चुपचाप बिना किसी से कुछ बोले अपना काम करती रहीं और जल्द ही ये बात दब गई।

तीसरे दिन हुई सांस्कृतिक और कलात्मक प्रतियोगिताएं

बाल महोत्सव: जिलेभर के 35 स्कूलों के 250 छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरियाणवी रागनी प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

बाल भवन नारनौल में आठ दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न कलात्मक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप सिंह व बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य एवं प्रवक्ता डॉ. पंकज गौड़ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने की तथा मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार व लिपिक सुरेंद्र शर्मा ने किया। प्रतियोगिताओं में जिलेभर के 35 स्कूलों से आए 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

तीसरे दिन हरियाणवी रागनी सोलो तृतीय व चतुर्थ ग्रुप, दीया/कैंडल डैकोरेशन द्वितीय ग्रुप तथा थाली/कलश सजावट तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणवी रागनी प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे, जबकि दीया/कैंडल डैकोरेशन तथा थाली/कलश डैकोरेशन प्रतियोगिताओं के प्रथम व द्वितीय विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी विजेता प्रतिभागियों को 14 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह में उपायुक्त की ओर से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय समूह गान व क्लासिकल सोलो डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मौके पर दीया/कैंडल व थाली/कलश डैकोरेशन में सुमनलता, पूनम कुमारी, सीमा कुमारी, रणवीर सिंह, हिमांशु व संजय सोनी तथा हरियाणवी रागनी में डॉ. कुसुमलता, वंदना शर्मा व ललित कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिताओं के परिणाम

दीया/कैंडल डैकोरेशन द्वितीय ग्रुप में बीआर आदर्श स्कूल सेहलंग की मुस्कान प्रथम, द वेदांता इंटरनेशनल स्कूल नारनौल की अन्वी यादव द्वितीय, हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेंद्रगढ़ की चंचल तृतीय, रामचंद्र स्कूल कनीना की सान्वी को सांत्वना प्रथम, विद्या भारती स्कूल निजामपुर की पूर्वी को सांत्वना द्वितीय स्थान मिला। थाली/कलश डैकोरेशन तृतीय ग्रुप में एमएलएस डीएवी स्कूल नारनौल के नितेश ने प्रथम, द वेदांता स्कूल नारनौल की कनिष्का ने द्वितीय, रामचंद्र स्कूल कनीना की नव्या ने तृतीय, आरपीएस स्कूल नारनौल की कनिष्का ने सांत्वना प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल नांगल चौधरी की तन्वी ने सांत्वना, थाली/कलश डैकोरेशन चतुर्थ ग्रुप में आरआरसीएम स्कूल कनीना की संजना प्रथम, हरियाणा स्कूल नारनौल की हर्षिता द्वितीय, सरस्वती शिक्षा निकेतन स्कूल माजरा कलां महेंद्रगढ़ की सलोनी ने तृतीय, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ की कशिश को सांत्वना प्रथम, यूरो इंटरनेशनल स्कूल कनीना की सोनाक्षी को सांत्वना द्वितीय स्थान मिला। हरियाणवी रागनी सोलो तृतीय ग्रुप में आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ की अनन्या प्रथम, आरआरसीएम स्कूल कनीना की भावना द्वितीय, यदुवंशी शिक्षा निकेतन महेंद्रगढ़ की वंशिका व आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल कनीना की सुप्रिया ने संयुक्त रूप से तृतीय, श्री कृष्ण स्कूल भुंगारका के लक्ष्य ने सांत्वना प्रथम, आरपीएस स्कूल नारनौल की एंजल कौशिक ने सांत्वना द्वितीय, हरियाणवी रागनी सोलो चतुर्थ ग्रुप में आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ के गौरव ने प्रथम, आरपीएस स्कूल नारनौल की नताशा ने द्वितीय, आरआर ग्रीन मैक्स वर्ल्ड स्कूल खेड़ी तलवाना की राशि व सूरज स्कूल नारनौल की हंसिका ने तृतीय, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल नांगल चौधरी की महक ने सांत्वना प्रथम, यदुवंशी शिक्षा निकेतन महेंद्रगढ़ की खुशी ने सांत्वना द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

रोडवेज सांझा मोर्चा की हड़ताल 5 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जीएम को ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश के सभी डिपो में दोहरे विरोध के तहत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मोर्चा के नेताओं ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली बोर्ड का निजीकरण करने और गुरुग्राम-नूह जैसे मुनाफे वाले जिलों में निजी कंपनी पावर-11 को 25 साल के लिए पैरेलल लाइसेंस देने के जन-विरोधी फैसले के विरोध में चल रहे बिजली कर्मचारियों के आंदोलन का रोडवेज सांझा मोर्चा पूर्ण समर्थन करता है।

दूसरा, अपनी स्वयं की मांगों को लेकर, जिन पर 8 सितंबर को परिवहन मंत्री के साथ सहमति बनी थी, उनका परिपत्र आज तक जारी न करने के विरोध में। सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य एवं राज्य प्रेस प्रवक्ता जितेन्द्र यादव, चेयरमैन रविन्द्र यादव छापड़ा, डिपो प्रधान सुरेश कुमार, सचिव नीरज, मनोज कुमार, विवेक सिंह यादव, संजीत, वीरेंद्र ने संयुक्त रूप से बताया कि एकतरफ सरकार मुनाफा देने वाले बिजली विभाग को बेच रही है, दूसरी तरफ रोडवेज में प्राइवेट परमिट देकर रोडवेज को भी निजी हाथों में सौंप रही है। दोनों ही फैसले कर्मचारी और जनता विरोधी हैं। इसलिए बिजली कर्मचारियों की लड़ाई हमारी अपनी लड़ाई है।

ज्ञापन के माध्यम से सरकार को 5 व 6 नवंबर की दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का नोटिस दिया गया है। यदि 4 नवंबर तक हमारी मांगों के परिपत्र जारी नहीं हुए तो प्रदेश भर में रोडवेज का चक्का जाम रहेगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

बैंकिंग क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से रूबरू हुए

नांगल चौधरी। स्नातक के बाद बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने, सुरक्षित बैंकिंग लेन-देन करने और आत्मनिर्भर बनने के अवसरों को लेकर शुक्रवार को शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार यादव ने की। इसमें भारतीय स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बैंकिंग क्षेत्र में नौकरी पाने के लिए विभिन्न अवसर उपलब्ध हैं। बैंकिंग सेवाओं, सुरक्षित लेन-देन और वित्तीय आत्मनिर्भरता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि स्नातक के बाद विद्यार्थी बैंक में तीन महीने की इंटर्नशिप कर सकते हैं।

सीएचसी अटेली में 59 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा



मंडी अटेली। अटेली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रों से कुल 59 गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें से 24 महिलाओं ने पहली बार अपना पंजीकरण करवाया। डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई स्वास्थ्य जांच के दौरान 19 गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम गर्भावस्था के लक्षण पाए गए, जिन्हें विशेष देखभाल और निरंतर निगरानी के लिए आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। वहीं 26 गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड परीक्षण कराया गया। चिकित्सा टीम की सदस्य डॉ. मीनू यादव ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और जरूरी सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया।

अटेली कॉलेज में छात्राओं को सफलता के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। छात्राओं को अनुशासन के बारे में बताते हुए। फोटो: हरिभूमि

सर्वजातीय जन जागरण मंच के तत्वावधान में महिला महाविद्यालय में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्राओं को शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मंच के प्रधान एवं सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक धर्मेंद्र ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे चरित्र का निर्माण करना और जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। उन्होंने छात्राओं से अपनी संस्कृति और संस्कारों पर गर्व करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं कमांडो नरपत सिंह चौहान ने प्रेरक कहानी के माध्यम से सफलता का सूत्र समझाया। उन्होंने कहा कि केवल मेहनत करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि मेहनत को सही दिशा देना और समय के साथ अपने ज्ञान, हुनर, सोच एवं संस्कारों को निखारना भी जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित करने, समय का सदुपयोग करने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया। नारनौल से पहुंचीं तृप्ति सैनी ने छात्राओं को अपने अधिकारों, जिम्मेदारियों और भविष्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय विवेक, सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखें

डॉ. सुमन ने लिव-इन संबंधों से जुड़े सामाजिक एवं पारिवारिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय विवेक, सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखने की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव ने संस्कार, अनुशासन और निरंतर मेहनत को सफलता का आधार बताते हुए मंच की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का मंच संचालन सेवानिवृत्त अध्यापक राम सिंह ने किया। इस मौके पर तेज प्रकाश,ओमप्रकाश आर्य, प्रह्लाद बाबू, नंबरदार भूपेंद्र, प्रकाश चंद, सूबेदार राम सिंह आदि उपस्थित रहे।

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के 30 विद्यार्थी खेल महाकुंभ में करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। चयनित खिलाड़ियों को सम्मानित करते चेयरमैन जगदेव यादव व अन्य। फोटो: हरिभूमि

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के खिलाड़ियों ने खेल महाकुंभ 2026-27 की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी जगह बनाई है। विद्यालय के 30 खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में जिला महेंद्रगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के उपनिदेशक पूरण सिंह ने बताया कि ट्रायल के दौरान विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था। चयनित वरिष्ठ बालिका खिलाड़ियों में बॉक्सिंग साक्षी 48 किग्रा, हिमांशी 51 किग्रा, दिव्या 54 किग्रा, तनिषा 57 किग्रा, कनिष्का 60 किग्रा, कनिका 65 किग्रा, कामना 70 किग्रा, तन्नु 80 किग्रा व साक्षी 80 प्रतिशत किग्रा शामिल हैं। इसी प्रकार वरिष्ठ बालक वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए लव 50 किग्रा, साहिल 80 किग्रा, हर्ष 85 किग्रा, भारत 90 किग्रा तथा विवेक 90 किग्रा चयनित हैं। भारोत्तोलन के सीनियर बालिका वर्ग में प्रतिज्ञा 49 किग्रा, कविता 57 किग्रा, दीक्षा 69 किग्रा और बालक वर्ग में दीपांशु 110 किग्रा तथा हॉकी में मोनिका, मीनाक्षी, वर्षा, राम भतेरी तथा बालक वर्ग से अनुज और नितिन शामिल हैं। फुटबॉल के सीनियर बालिका वर्ग में खुशी, पायल, अंचल व खुशी का चयन हुआ है। उपरोक्त सभी खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस मौके पर निदेशक ओमप्रकाश, वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र यादव, सीईओ रामधारी यादव, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर, खेल प्रमुख सोनू उपस्थित थे।



नारनौल। गोवंश को चारा डालते हुए। फोटो: हरिभूमि

गोशालाओं में लगाई सवामणि

नारनौल। गोसेवा संकल्प के साथ भक्तों ने दो गोशालाओं में हरी सब्जी की सवामणी का आयोजन किया गया। इस दौरान गोमाता को हरी सब्जी व अन्य सामग्री अर्पित कर पुण्य का कार्य किया। पहली सवामणी नंद ब्रह्मचारी गोशाला कुलताजपुर में प्रधान सतपाल यादव, राजेश यादव, मुकेश वालिया, रमेश यादव, सुमित चांदनाथ व प्रमोद मेहता ने लगाई। वहीं दूसरी सवामणी श्री अनाथ गोशाला में एडवोकेट मंदीप यादव ने अपनी पत्नी सुहानी यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाई। इस अवसर पर प्रधान सत्यपाल यादव, रमेश यादव, राजेश यादव, सुमित चाननाथ, प्रमोद मेहता, सुरेंद्र मुनीम, गोशाला प्रधान उज्जवल यादव आदि उपस्थित रहे। गोरक्षक सेवादल जिला अध्यक्ष मुकेश वालिया ने कहा कि गोसेवा हमारी संस्कृति और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है। एडवोकेट मंदीप सिंह ने कहा गोसेवा ही सच्ची सेवा है।

मार्केट कमेटी कनीना के सहायक सचिव और मंडी सुपरवाइजर को किया बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। बहाल किए गए सह सचिव के आदेश व मंडी में आए बाजरे के वाहन।

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड पंचकूला स्थित मुख्य प्रशासक धर्मेंद्र सिंह की ओर से निलंबित चल रहे सहायक सचिव अजीत कुमार यादव व मंडी सुपरवाइजर कुलदीप सिंह को बहाल कर दिया है। बोर्ड के मुख्य प्रशासक धर्मेंद्र सिंह ने 22 अक्टूबर को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किए है।

पत्र में कहा गया कि अजीत कुमार यादव व मंडी सुपरवाइजर कुलदीप सिंह को बाजरे की खरीद में कथित गड़बड़ी के चलते 18 अक्टूबर को आदेश जारी कर निलंबित किया गया था। अब उन्हें उनके विरुद्ध लंबित विभागीय जांच पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना बहाल किया गया है। पुनर्बहाली के साथ ही अजीत कुमार यादव एवं कुलदीप सिंह को शुक्रवार को मार्केट कमेटी कनीना में नई पदस्थापना दी गई है। मंडी में बाजरा खरीद को लेकर मार्केट कमेटी कर्मचारी व्यवस्था बनाने में जुट गए हैं। बता दें कि निलंबन अवधि के दौरान कनीना में मार्केट कमेटी के सचिव-सह-ईओ जितेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया था। जिन्होंने मंडी में होने वाली गड़बड़ी को गंभीरता से लिया था। उन्होंने एसडीएम को पत्र लिखकर मंडी में किसानों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तीन अतिरिक्त डाटा एंटी ओपरटर नियुक्त करने तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की मांग की थी।

262256 क्विंटल बाजरे की हुई खरीद

इधर मार्केट कमेटी सचिव अजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार तक 9102 गेटपास के माध्यम से कुल 2,62,256 क्विंटल बाजरे की खरीद की जा चुकी है। गेट पास जारी करने व वजन कराने के लिए बाहर के धर्म कांटे को स्वीकृत करने की व्यवस्था बनाई है। मंडी में प्राइवेट एजेंटों की ओर से 2,300 से 2,350 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को गाहड़ा, गुढ़ा, गोमली, गोमला, इसराना, झाड़ली, झिगावन, ककराला, कलवाड़ी, करीरा व कपूरी सहित 11 गांवों के किसानों का बाजरा खरीदा जाएगा।



नारनौल। सीएल स्कूल के छात्र। फोटो: हरिभूमि

सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सीएल स्कूल के छात्र रहे विजेता

नारनौल। हरियाणा पुलिस की ओर से इंटर स्कूल सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का द्वितीय चरण का आयोजन राजकीय मोडल संस्कृति स्कूल में किया गया। जिसमें स्कूली स्तर पर हुई प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता कक्षा स्तर के आधार पर तीन वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें वर्ग-दो में हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के होनहार छात्रों अक्षांश पुत्र बाबूलाल ने प्रथम, भाविक पुत्र विवेक सिंह यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस विजय के साथ बच्चों ने अगले स्तर के लिए क्वालीफाई किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य रविन्द्र सिंह व मुख्याध्यापिका मोनिका कौशल ने बच्चों को बधाई दी।

मोर्चा की बड़ी सफलता, दरों में कमियों का विश्लेषण कर आगे भी जारी रहेगा संघर्ष

महेंद्रगढ़ की चारों हाइटेंशन लाइनों के सभी गांवों के मार्केट रेट निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के दो वर्षों के लगातार आंदोलन और किसानों की एकजुटता के परिणामस्वरूप हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों के मुआवजे का मुद्दा प्रमुखता से उठा। मोर्चा के अनुसार इस आंदोलन के बाद सरकार द्वारा ऐतिहासिक हाइटेंशन लाइन मुआवजा नीति का निर्माण हुआ, जिसके परिणामस्वरूप जिला महेंद्रगढ़ से गुजरने वाली चारों ट्रांसमिशन लाइनों से संबंधित सभी गांवों के मार्केट रेट निर्धारित हो पाए। इनमें बीकानेर–नीमराणा (टाटा पावर लिमिटेड), सीकर–नरेला 765 केवी (पावरग्रिड), बीकानेर–नीमराणा 765 केवी (पावरग्रिड) तथा खेतड़ी–नरेला 765 केवी (पावरग्रिड) लाइन शामिल हैं। विशेष रूप से खेतड़ी–नरेला लाइन के 29 गांवों के मार्केट रेट 22 अक्टूबर को जिला प्रशासन द्वारा अधिसूचित किए गए। इसके लिए किसानों को लगभग एक वर्ष तक संघर्ष करना पड़ा। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने जिला महेंद्रगढ़ प्रशासन, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि किसानों की एकजुटता और दो वर्षों के संघर्ष का महत्वपूर्ण परिणाम है। कुछ स्थानों पर निर्धारित मार्केट रेट में कमियां रह गई हैं।

किसानों से एकजुट रहने की अपील

जिला प्रधान मनोज कुमार (गुढ़ा) ने कहा कि जब तक सभी पात्र किसानों के खातों में नियमानुसार पूरा देय मुआवजा जमा नहीं हो जाता और दरों की कमियों का समाधान नहीं होता, तब तक मोर्चा किसानों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने सभी किसानों से एकजुट रहने की अपील की। मोर्चा ने आंदोलन के दौरान किसानों की आवाज को सरकार और जनता तक पहुंचाने वाले सभी पत्रकारों, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं डिजिटल मीडिया के साथियों का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। मोर्चा ने कहा कि मीडिया के सहयोग से किसानों की समस्याओं को व्यापक स्तर पर उठाने में मदद मिली।

बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई नवाचार की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) के अंतर्गत जिला महेंद्रगढ़ की जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन आज सूरज स्कूल नारनौल में बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजपाल पांचाल द्वारा जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविंद्र कुमार, जिला समन्वयक डॉ. योगेंद्र कुमार तथा स्कूल प्रधानाचार्य की उपस्थिति में मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर किया गया।

पूरे दिन चले इस आयोजन में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए बाल वैज्ञानिकों ने अपने शोध-आधारित प्रोजेक्ट्स और नवाचारी विचारों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने बाल वैज्ञानिकों की प्रस्तुतियों का अवलोकन किया, बच्चों से संवाद किया और उनके विचारों की सराहना करते हुए उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने तथा अपने आसपास की समस्याओं के समाधान के लिए शोध करने हेतु प्रेरित किया।

बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा, रचनात्मकता और समस्या-समाधान की क्षमता का परिचय दिया।

निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा सभी प्रस्तुतियों का निष्पक्ष और गहन मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के पश्चात कुल 10 टीमों का चयन 27-28 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में भागीदारी के लिए किया गया। ये टीमें राज्य स्तर पर जिला महेंद्रगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

सूचना

मैं, मित्तल सुरेन्द्र पुत्र श्री महावीर प्रसाद निवासी सतनाली उपतहसील सतनाली, जिला महेंद्रगढ़ व मित्तल कुसुम पत्नी श्री मित्तल सुरेन्द्र वासी बिल्डिंग नम्बर एफ 28 (फ्लैट नं. 104) अक्षर टाउनशिप बिहाइंड एंटर सिटी डुंबाल सूरत (गुजरात) बयान करते हैं कि हमारा पुत्र मित्तल तुषार व हमारी पुत्रवधू सुरभि अग्रवाल हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम उनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सार्वजनिक सूचना / जोहड नीलामी नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के ग्राम पंचायत नांगतिहाडी, खण्ड नारनौल के अंतर्गत आने वाले जोहड़ को मत्स्य पालन हेतु पट्टे पर दिया जाना है। इसकी खुली नीलामी दिनांक 06.11.2026 को सुबह 11 बजे अनुसूचित जाति चौपाल में होगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित नियमों के तहत आवश्यक सिक्योरिटी राशि के साथ नियत समय पर पहुंचे। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत, नांगतिहाडी

नगरपालिका ने बजट स्वीकृति के लिए सरकार को भेजी फाइल

महेंद्रगढ़ को मिलेगी आधुनिक मल्टीलेवल पार्किंग की सौगात, छह करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार

विकास गोडवाल ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में लंबे समय से चली आ रही पार्किंग की समस्या के समाधान की दिशा में नगरपालिका ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। शहर के मुख्य बाजारों में वाहनों की बढ़ती संख्या और पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण आमजन, व्यापारियों तथा दुकानदारों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए आधुनिक मल्टीलेवल पार्किंग बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 6 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

■ वर्तमान नगरपालिका हाउस भवन के स्थान पर पार्किंग बनाने का प्रस्ताव

नगरपालिका की ओर से इसका एस्टीमेट तैयार कर बजट स्वीकृति के लिए सरकार के पास फाइल भेज दी गई है।

प्रस्ताव के अनुसार, वर्तमान नगरपालिका हाउस भवन को हटाकर उसी स्थान पर आधुनिक मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण करवाने की योजना है। यदि सरकार से इस परियोजना को बजट की स्वीकृति मिल जाती है, तो आगामी नियमानुसार प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस परियोजना के साकार होने से शहर में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने और मुख्य बाजारों में यातायात को सुचारु रखने में मदद मिलने की उम्मीद है।

सरकार से बजट स्वीकृति मिलने का इंतजार

नगरपालिका की ओर से प्रस्तावित परियोजना के लिए लगभग छह करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया है। फिलहाल इस परियोजना के लिए सरकार से बजट स्वीकृति मिलने का इंतजार है। बजट को मंजूरी मिलने के बाद निर्माण से संबंधित आगामी कार्रवाई नियमानुसार आगे बढ़ाई जाएगी। परियोजना के तहत वर्तमान नगरपालिका हाउस भवन के स्थान का उपयोग मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण के लिए करने का प्रस्ताव है। इससे उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग करने और शहर की पार्किंग संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया जा सकेगा।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

आमजन और व्यापारियों की लंबे समय से रही मांग

नगरपालिका प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि महेंद्रगढ़ शहर में पार्किंग की समस्या लंबे समय से आमजन और व्यापारियों की प्रमुख मांग रही है। बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को अपने वाहन खड़े करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिलने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का स्थायी समाधान तलाशने के उद्देश्य से आधुनिक मल्टीलेवल पार्किंग बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग छह करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित इस परियोजना का एस्टीमेट तैयार कर बजट स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजा गया है। सरकार से बजट की मंजूरी मिलने के बाद नियमानुसार आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

पार्किंग की समस्या से मिलेगी राहत

शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। बाजारों में दुकानों की अधिकता और वाहनों की आवाजाही के चलते पार्किंग की समस्या बनी रहती है। कई बार वाहन खड़े करने के लिए उचित स्थान नहीं मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, सड़कों के किनारे बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े होने के कारण यातायात प्रभावित होने की स्थिति भी पैदा हो जाती है। ऐसे में मल्टीलेवल पार्किंग का प्रस्ताव शहर के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एक ही स्थान पर व्यवस्थित तरीके से वाहनों को खड़ा करने की सुविधा उपलब्ध होने से बाजारों में आने वाले लोगों को राहत मिल सकती है। इससे दुकानदारों और व्यापारियों को भी लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि ग्राहकों के लिए बाजार तक पहुंचना और अपने वाहनों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से खड़ा करना आसान हो सकेगा।

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की उम्मीद

मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण होने से शहर में वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध हो सकती है। इससे मुख्य बाजारों के आसपास पार्किंग का दबाव कम करने और सड़क पर वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाने में सहायता मिलने की उम्मीद है। बाजारों में आने वाले ग्राहकों, व्यापारियों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को इसका लाभ मिल सकता है। शहर के विकास के लिए पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधा का विस्तार महत्वपूर्ण है। बढ़ती शहरी जरूरतों को देखते हुए व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था न केवल नागरिकों की सुविधा बढ़ाती है, बल्कि बाजारों में यातायात प्रबंधन को भी बेहतर बनाने में सहायक होती है।

खबर संक्षेप

जन्मदिन पर अस्पताल में किया रक्तदान

नारनौल। टाइगर क्लब परिवार की रक्तदान मुहिम के तहत क्लब प्रधान राकेश यादव ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में रक्तदान करके अपना जन्मदिनमनाया। इस अवसर पर प्रधान ने बताया कि उनको 50 वर्षों में 61वीं बार रक्तदान करने का अवसर मिला। सात साल पहले जन्मदिन पर रक्तदान मुहिम की शुरुआत की थी। तभी से जन्मदिन पर रक्तदान करने की यह मुहिम चली आ रही है। इस मुहिम के तहत अब तक 922 यूनिट रक्तदान किया गया है। इस मौके पर प्रवीण यादव, विश्वास ऐडवोकेट, देवेंद यादव आदि मौजूद थे।

सलीमपुर गांव में रक्तदान शिविर आज

मंडी अटेली। गांव सलीमपुर में बाबा निहालचंद सेवादल पटीकरा की ओर से 24 अक्टूबर को 26वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्रामीणों और युवाओं से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की गई है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक पंचायत घर सलीमपुर में होगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।

बाबा जयराम दास का जन्मोत्सव कल मनेगा

महेंद्रगढ़। गांव पाली स्थित बाबा जयराम दास धाम में 25 अक्टूबर को बाबा जयराम दास का जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर ध्वजा यात्रा, विशाल भंडारे, आकर्षक झांकियों और भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। श्री श्याम कृपा मंडल (रजि.), महेंद्रगढ़ के प्रधान सुनील निम्भेड़िया ने बताया कि बाबा जयराम दास सेवा समिति एवं श्री श्याम कृपा मंडल (रजि.) रेलवे रोड की ओर से संयुक्त रूप से प्रत्येक वर्ष अश्विन माह की पूर्णिमा को बाबा का जन्मोत्सव मनाया जाता है।

पुलिस अधिकारियों को नियमित प्रोग्रेस रिपोर्ट भेजने के निर्देश

विनोद सैनी आत्महत्या मामला

पुलिस गंभीर, जांच के लिए एसआईटी गठित

किन्नर समाज के प्रधान विनोद सैनी की आत्महत्या के बाद यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, मामले की जांच पर शहरवासियों की निगाहें टिकी



मृतक विनोद सैनी। फाइल फोटो

■ एएसपी वीरेंद्र सिंह की देखरेख में पांच सदस्यीय विशेष दल संभालेगा जांच की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मंगलामुखी समाज के प्रधान विनोद सैनी आत्महत्या मामले की जांच के लिए एसपी ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है। इस टीम में डीएसपी मुख्यालय, सिटी थाना प्रभारी, सीआईए प्रभारी समेत पांच पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल किया गया है। मामले की जांच एएसपी महेंद्रगढ़ वीरेंद्र सिंह की निगरानी में की जाएगी। एसपी दीपक कुमार ने जांच की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से भेजने के निर्देश भी दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार यह एसआईटी सिटी थाने में दर्ज विनोद सैनी आत्महत्या की दर्ज एफआईआर की जांच करेगी। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 और 3(5) के तहत दर्ज है। पुलिस विभाग की ओर से जारी आदेश में टीम के सदस्यों के नाम और उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट की गई हैं।

21 अक्टूबर को की थी आत्महत्या

आपको बता दें कि मंगलामुखी किन्नर समाज के प्रधान विनोद सैनी ने कुछ किन्नरों से परेशान होकर 21 अक्टूबर को आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या करने से पूर्व उसने एक वीडियो भी बनाई। जिसमें उसने तीन किन्नरों बुलबुल, महक व टीना पर कई गंभीर आरोप लगाए हुए हैं। वहीं कई पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा गया था। एसपी की ओर से जारी आदेश के अनुसार विशेष जांच टीम में डीएसपी मुख्यालय नारनौल भारत भूषण, सिटी नारनौल थाना प्रभारी, सीआईए नारनौल प्रभारी, एसआई गुनपाल और जिला साइबर सेल के प्रभारी को शामिल किया गया है। टीम के सभी सदस्य एएसपी वीरेंद्र सिंह की निगरानी में मामले की जांच करेंगे। अलग-अलग पुलिस इकाइयों के अधिकारियों को टीम में शामिल किए जाने से जांच में संबंधित पहलुओं को ध्यान में रखने की जिम्मेदारी रहेगी।

एसपी को नियमित भेजनी होगी प्रगति रिपोर्ट

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि मामले की जांच की प्रगति रिपोर्ट नियमित आधार पर संबंधित अधिकारी यानी आदेश जारी करने वाले एसपी को भेजी जाएगी। इससे जांच की प्रगति पर नजर रखी जा सकेगी। एसआईटी के गठन के साथ ही मामले की जांच की जिम्मेदारी निर्धारित अधिकारियों को सौंप दी गई है। पुलिस विभाग की ओर से जारी आदेश में जांच पूरी करने की कोई निश्चित समयसीमा का उल्लेख नहीं किया गया है। साथ ही मामले से जुड़े घटनाक्रम, आरोपों और अन्य तथ्यों के संबंध में आदेश में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। फिलहाल विशेष जांच टीम गठित कर मामले की जांच एएसपी वीरेंद्र सिंह की निगरानी में शुरू कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जानकारी

नांगल चौधरी का अधूरा बाइपास पूरा होने की जगी उम्मीद

शीघ्र ही सर्वे प्रारंभ होने के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी हल्के के लिए एक अच्छी खबर के संकेत मिल रहे हैं। नागल चौधरी के अधूरे बाइपास को पूरा करने के लिए नेशनल हाइवे ऑथरिटी शीघ्र ही प्राथमिक जांच के लिए सर्वे प्रारंभ कर सकती है।

पूर्व विधायक डॉ. अभय सिंह यादव ने अपने कार्यकाल में नेशनल हाइवे ऑथरिटी के मध्यम से नारनौल-कोटपुतली रोड को निजामपुर रोड को जोड़ने के लिए एक बाइपास निर्माण करवाने में सफल रहे थे, लेकिन इस बाइपास को पूरा नहीं करवा पाए थे। उन्होंने इसकी जानकारी देते बताया कि वह इस विषय में काफी समय से प्रयास कर रहे हैं। उनके अनुरोध पर 19 अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक अर्ध सरकारी पत्र की ओर से केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को उक्त बाइपास को पूरा करने के लिए अनुरोध किया था।

इस बाइपास के उपयोग का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने लिखा कि इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चल रही माइनिंग और क्रेशर गतिविधियों एवं इस क्षेत्र में बन रहे मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब को देखते हुए भविष्य में इस पूरे क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन होगा।

अधिकारियों को दिए सर्वे करने के आदेश

डॉ. अभयसिंह यादव ने बताया कि उनमें से अधिकांश वाहनों को राजस्थान और पश्चिमी प्रदेशों के लिए नांगल चौधरी से होकर गुजरना होगा। अतः भविष्य में भारी वाहनों की संभावना को देखते हुए संभावित ट्रैफिक को नियमित करने के लिए नांगल चौधरी के बाईपास को पूरा करना अति आवश्यक है।



उक्त पत्र के संदर्भ में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अधिकारियों को इसकी सर्वे के आदेश दिए हैं, जो शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना है। पूर्व विधायक ने इस पर खुशी जताते हुए कहा कि नांगल चौधरी बाईपास पूरा करने की स्वीकृति मिलने के उपरांत इस शहर का बाईपास सम्पूर्ण हो जाएगा। जिससे भविष्य में शहर के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा धीरे धीरे यह छोटा सा शहर विकास का एक मॉडल बनने की राह पर है, जो पिछड़े क्षेत्र की छवि से निकलकर हरियाणा के प्रवेश द्वार की भूमिका में आ रहा है।

नांगल कालिया व हमीदपुर गांवों में दो अलग-अलग अंडरपास बनाने का किया आग्रह

इसके साथ ही डॉ. अभय सिंह ने एक अन्य पत्र के मध्यम से नेशनल हाईवे के अधिकारियों से एक बार पुनः नांगल कालिया व हमीदपुर गावों में दो अलग-अलग अंडरपास बनाने का आग्रह किया है। इन गांवों की विशेष परिस्थिति का विस्तार से जिक्र करते हुए उन्होंने अनुरोध किया है कि रोजमर्रा की जिंदगी में लोगों को आ रही कठिनाई के निवारण के लिए उक्त अंडरपास का निर्माण अति आवश्यक है।



मंडी अटेली। सिहमा–बाछौद मोड़ पर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला जलाते हुए।

सिहमा में कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन, फूंका पुतला

मंडी अटेली। मतदाता सूची और मतदान के अधिकारों के मुद्दे पर कांग्रेस ने शुक्रवार को सिहमा में प्रदर्शन किया। वोट बचाओ, देश बचाओ, संविधान बचाओ' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला और बाछौद मोड़ पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाकर विरोध जताया। ब्लॉक सिहमा कांग्रेस अध्यक्ष दलीप सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत बाबा खेता नाथ मैरिज प्लेस में आयोजित बैठक से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर कृष्ण राव रहे। बैठक का मंच संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह राता ने किया। इस मौके पर एससी विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष अमर सिंह निमहोरिया, महिला जिला अध्यक्ष राजवंती यादव, केकेसी के जिला अध्यक्ष राजन यादव, युवा जिला अध्यक्ष अजीत, नरेंद्र अटाली, अटेली ब्लाक प्रधान सुमेर सिंह, प्रो. राजबीर, वीरेंद्र प्रधान, सुरेंद्र यादव, प्रेम यादव, तेजराम, अनिल फांडन, अनुज जांगड़ा, तेजपाल, अमित जांगिड़, रामकिशन, राजकुमार, मनपाल व बिट्टू आदि मौजूद रहे।

कनीना नपा चेयरपर्सन ने लिया शहरी एवं जन-केंद्रित सुशासन कार्यशाला में हिस्सा

■ जनप्रतिनिधियों की प्रशासनिक समझ और कार्यक्षमता बढ़ाने पर दिया विशेष बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



कनीना। डॉ. रिम्पी लोढ़ा को प्रमाण पत्र देते आयोजन समिति सदस्य।

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने हरियाणा की नगर पालिका के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित प्रभावी शहरी एवं जन-केंद्रित सुशासन विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया। जिन्हें आयोजन समिति द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रतिष्ठित भारतीय लोक प्रशासन संस्थान नई दिल्ली की ओर से किया गया था, जिसे हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने प्रायोजित किया था। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शहरी निकायों के प्रशासनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी, उत्तरदायी तथा पूरी तरह जन-केंद्रित बनाना था। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की प्रशासनिक समझ और कार्यक्षमता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। इसके साथ ही योजनाबद्ध शहरी विकास, बुनियादी नागरिक सुविधाओं के आधुनिकीकरण, ठोस अपशिष्ट व स्वच्छता प्रबंधन, जनसमस्याओं के समयबद्ध व त्वरित निस्तारण, नीति निर्माण में जनभागीदारी बढ़ाने तथा स्थानीय निकायों के वित्तीय व प्रशासनिक प्रबंधन जैसे प्रमुख विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन विचार-विमर्श किया गया। डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों की प्राथमिक जिम्मेदारी आम नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं सहजता से उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करना है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक दक्षता और सुशासन के नए तौर-तरीकों को समझने में इस प्रकार की कार्यशालाएं बेहद उपयोगी सिद्ध होती हैं। यहां मिले अनुभवों से विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार होता है।

मुख्यमंत्री आवास पर स्मृति ईरानी ने जाना प्रो. रामबिलास शर्मा का कुशलक्षेम

महेंद्रगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आवास संत कबीर कुटीर पर वीरवार देर शाम भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं हरियाणा प्रदेश प्रभारी स्मृति जुबिन ईरानी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन प्रवीण राणा के सम्मान में आयोजित भोज कार्यक्रम में एक भावुक और दिलचस्प नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम में पहुंचीं स्मृति ईरानी सबसे पहले व्हीलचेयर पर बैठे हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के पास पहुंचीं और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान प्रो. रामबिलास शर्मा ने अपनी विशिष्ट शैली में हरियाणा भाजपा के संगठनात्मक इतिहास और प्रदेश प्रभारी के रूप में विभिन्न नेताओं के कार्यकाल का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत कर दिया। उन्होंने नरेंद्र मोदी से लेकर स्मृति ईरानी तक हरियाणा भाजपा के प्रभारी रहे नेताओं के सफर और संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, बिजली मंत्री अनिल विज सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

कल मनाई जाएगी महाराजा अजमीढ़ की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

स्वर्णकार समाज की ओर से महापुरुष अजमीढ़ की जयंती 25 अक्टूबर को मनाई जाएगी। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा (रजि.) के प्रधान राजेंद्र प्रसाद उर्फ गोलू राम ने बताया कि सुबह 10 बजे अजमीढ़ चौक (मानक चौक) पर महाराधिराज अजमीढ़ की मूर्ति पर आरती, दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया जाएगा। फिर ठीक 11 बजे दोपहर पंजाबी धर्मशाला में पुल बाजार पुल के पास स्वर्णकार समाज द्वारा स्वरूचि भोज प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

अधिक बिक्री के लालच में खाद्य गुणवत्ता व स्वच्छता के मानकों से समझौता नहीं: डॉ. अमित

त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई अटेली, नारनौल और कनीना में भरे आठ सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

त्योहारी सीजन के दौरान आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से निरंतर निगरानी एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अटेली मंडी, नारनौल व कनीना में खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि इस दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों के लगभग आठ नमूने एकत्रित किए गए, जिन्हें गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। अभियान के दौरान खाद्य कारोबारियों, हलवाइयों एवं दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता तथा मिलावट रोकने के संबंध में जागरूक किया गया।

उन्हें निर्देश दिए गए कि मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों का निर्माण स्वच्छ वातावरण में करें, अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की मिलावट से बचें।

मिठाइयों में अनावश्यक अथवा अनधिकृत रंगों का प्रयोग न करें तथा केवल अनुमत खाद्य रंगों का निर्धारित मानकों के अनुसार ही उपयोग करें। डॉ. अमित कुमार ने खाद्य कारोबारियों को बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता केवल व्यवसाय का विषय नहीं, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य और विश्वास से जुड़ी जिम्मेदारी है। प्रत्येक खाद्य कारोबारी का कर्तव्य है कि वह उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाएं। त्योहारी सीजन में अधिक बिक्री के लालच में खाद्य गुणवत्ता एवं स्वच्छता के मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।



नारनौल। दुकानों का निरीक्षण करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार।

गुणवत्ता व स्वच्छता पर दें ध्यान

डॉ. अमित कुमार ने आमजन से अपील की कि वे त्योहारों की खुशियां मनाते समय खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दें। मिठाइयां एवं अन्य खाद्य पदार्थ विश्वसनीय दुकानों से खरीदें, उनकी गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर ध्यान दें और असामान्य रंग, गंध अथवा गुणवत्ता को लेकर संदेह होने पर सतर्क रहें। खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका होने पर संबंधित खाद्य सुरक्षा विभाग को इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग का उद्देश्य केवल नमूने लेना और जांच करना ही नहीं, बल्कि खाद्य कारोबारियों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित भोजन के प्रति जागरूक करना भी है। विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नांगल चौधरी नई अनाज मंडी में बाजरे की खरीद के लिए संशोधित शेड्यूल

नांगल चौधरी। खरीफ सीजन की खरीद को सुचारु एवं सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए नांगल चौधरी नई अनाज मंडी में किसानों की फसल खरीद के लिए गांवों का संशोधित शेड्यूल जारी किया गया है। यह जानकारी देते हुए सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी नांगल चौधरी ने बताया कि मंडी में बहुत अधिक संख्या में किसान अपनी फसल की बिक्री के लिए आ रहे हैं। मंडी में बाजरे की खरीद व्यवस्था को सुचारू एवं सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए 26 से 30 अक्टूबर तक गांवों के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को निजामपुर, पाचनोता, पवेरा, 27 को रायमलिकपुर, रोपड़ सराय, नोलाजा, 28 को सैदअलीपुर, शहबाजपुर, सरेली, 29 को श्योरामनाथपूरा, शिमली, सिरोही बहाली तथा 30 अक्टूबर को थनवास, तोताहेडी, उदयपुर कटारिया गांव के किसानों का बाजार खरीद की जाएगी। मार्केट कमेटी प्रशासन ने सभी संबंधित किसानों से अपील की है।